Terms & Conditions: The e-auction is being held on "AS IS WHERE IS" & "AS IS WHAT IS" basis. 1. The properties are being sold with all the existing and future encumbrances whether known or unknown to the Bank. The authorised officer/secured creditor shall not be responsible in any way for any 3rd parties claims/rights/dues. 2. It shall be the responsibility of the bidders to inspect and satisfy themselves about the assets and specifications before submitting their bid. The inspection of property(ies) put on auction will be permitted to the interested bidders With Prior appointment with the Authorised officer/Branch Head. 3. The interested bidders shall submit their EMD through NEFT / RTGS, **Demand Draft as detail Mentioned above and login in web portal** https://www.bankeauctions.com (the user id and password can be obtained free of cost by registering name with https://www.bankeauctions.com). 4. The purchaser shall bear the applicable stamp duties/ additional stamp duty/ transfer charges, fee etc. and also all the statutory/ non-statutory dues, taxes, rates, assessment charges, fees etc. owing to anybody. 5. The interested bidders who require assistance in creating login ID and password, uploading data, submitting bid documents, training/ demonstration on online inter-se bidding etc may contact **M/s C 1 India Pvt. Ltd., Building No. 301, First Floor, Udyog Vihar, Phase-2, Gurgaon, Helpline number +91124-4302000-2021-2022, +91-9646796075 Helpline e-mail id support@bankeauctions.com and for any property related query or for inspection of above mentioned properties may contact authorised officer**. 6. Only the buyers holding valid user ID/password and confirmed payment of EMD through NEFT/RTGS shall be eligible for participating in the e-auction process. **For further details please visit https://www.bankeauctions.com & bank's website https://www.punjabandsindbank.co.in.**

**STATUTORY 15 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 8(6) OF THE SARFAESI ACT, 2002**

The borrowers / guarantors are hereby notified to pay the sum as mentioned above along with up to date interest and ancillary expenses before the date of e-Auction, failing which the Property will be auctioned/ sold and balance dues, if any, will be recovered with interest and cost.

Date : 05.04.2022 Place: Ludhiana (Authorised Officer, Punjab & Sind Bank)

| मौसम | | |
|---|---|---|
| तापमान | नई दिल्ली | |
| अधिकतम-39.5 | | सूर्योदय- 6:05 |
| न्यूनतम- 21.6 | | सूर्यास्त- 21:06 |



# सड़क पार कर रही तीन छात्राओं को कार ने मारी टक्कर

## पीछे से आ रहे ट्रक से कुचल कर एक छात्रा की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 अप्रैल।

पश्चिम विहार वेस्ट थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह स्कूल जाने के दौरान सड़क पार कर रहीं तीन छात्राओं को एक कार चालक ने टक्कर मार दी। इसी बीच पीछे से सिलेंडर से लदे एक ट्रक ने एक छात्रा को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर परिजन व 400 से 500 लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। उन्होंने छात्रा के शव को सड़क पर रखकर रोहतक रोड को जाम कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर लोगों को वहां से हटाया। छात्राओं का परिवार घटना स्थल पर फुटओवर ब्रिज बनवाने, आरोपियों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग कर रहा था।

हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जबकि ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक छात्रा की पहचान उद्योग विहार, झुग्गी बस्ती निवासी मनीषा (18) के रूप में तथा घायलों की पहचान कल्पना (18) और संजना (18) के रूप में हुई है। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने बताया कि उद्योग विहार झुग्गी बस्ती में रहने वाली तीन छात्राएं पीरागढ़ी, रोहतक रोड को स्कूल जाने के लिए पार कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। तीनों छात्राएं उद्योग विहार के सर्वोदय बालिका विद्यालय में 12वीं कक्षा की छात्राएं थीं। संजना के पिता दिनेश ने बताया कि स्कूल घर से महज 500 मीटर की दूरी पर है। स्कूल और बस्ती के बीच रोहतक रोड है। इस रोड को पार करने के लिए सरकार की ओर से न तो कोई भूमिगत पदैल मार्ग बनवाया गया है और न कोई फुटओवर ब्रिज है। इस कारण बच्चे जान जोखिम में डालकर डिवाइडर पर बनी रेलिंग में घुसकर सड़क पार करते हैं।

बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर पहुंचने के बाद तीनों ने सड़क के एक कैरिजवे को पार कर लिया। इसके बाद रेलिंग में घुसकर दूसरी सड़क पर आ गईं। इसी दौरान अचानक से दो तेज रफ्तार कार उनकी ओर आने लगीं। छात्राओं को देखकर एक कार चालक ने ब्रेक लगाकर कार की रफ्तार धीमी कर ली।

इस बीच पहली कार को ओवरटेक करके आई दूसरी कार ने तीनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि संजना और कल्पना सड़क के एक ओर गिरी, जबकि मनीषा सड़क के बीच में गिरी। इस दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों और राहगीरों ने चालक को रोक लिया और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### कार चालक की पुलिस कर रही तलाश

परिजनों ने बताया कि हादसे में संजना के शरीर पर आधा दर्जन से अधिक चोट आई हैं। कल्पना को भी गंभीर चोट लगी हैं। पुलिस को सुबह 8:08 बजे हादसे की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को घटनास्थल से कार की टूटी हुई नंबर प्लेट बरामद हुई है। उसके आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक की पहचान कर ली गई है और उसकी तलाश में टीमें संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही हैं।

# कहीं बस में तो कहीं घर में लगी आग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 अप्रैल।

राजधानी के अलग-अलग इलाकों में बुधवार को आग लग गई। सुबह के वक्त बादली एक्सटेंशन स्थित एक मकान में भीषण आग लग गई। वहीं दोपहर में महिपालपुर में चलती दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस में आग लगी। गनीमत रही कि दोनों ही हादसों में कोई हताहत नहीं हुआ है।

जानकारी के मुताबिक महिपालपुर में डीटीसी की रुट नंबर 534 पर चलने वाली बस में बुधवार दोपहर करीब 2:20 बजे आग लग गई। चालक ने बस से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। इस आग में सड़क किनारे स्थित दो दुकानें भी चपेट में आ गईं। घटना की सूचना मिलने पर दो दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

प्राथमिक जांच में पता चला है कि इंजन गर्म हो जाने से शार्ट-सर्किट होने के कारण बस में आग लगी। हादसे के वक्त बस में कोई सवारी नहीं थी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बस और दुकानों में लगी आग के कारण काफी देर तक धुआं उठता रहा। आग की लपटों की चपेट में घटनास्थल के पास स्थित एक चाय व एक कूलर की दुकान भी आ गई। चाय की दुकान में एलपीजी सिलेंडर फट गया। वहीं, कूलर की दुकान में काफी नुकसान हुआ। हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

वहीं बादली एक्सटेंशन इलाके में बुधवार को एक मकान में आग लग गई, जिसके बाद आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जिनमें चुन्ना लाल (58), इसकी पत्नी भगवती (55), बेटा नवीन (26), विकास (27), सुमित (32), इसकी पत्नी अन्नू (30), बेटियां कामया (8) और परी (3) शामिल हैं।

दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह 5:50 बजे मिली थी, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजी गईं। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है और प्रशीतन अभियान चालू है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## एनडीएमसी ने रमजान पर जारी आदेश वापस लिया

# कर्मचारियों को समय से पहले दफ्तर से जाने की इजाजत नहीं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 अप्रैल।

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने बुधवार को अपना वह आदेश वापस ले लिया, जिसमें कहा गया था कि रमजान के महीने में रोजा रख रहे सभी मुसलिम कर्मचारियों को समय से पहले दफ्तर से जाने की इजाजत दी गई थी।

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने मंगलवार को जारी इस आदेश का यह कहते हुए विरोध किया था कि इस तरह का कोई निर्देश धर्मनिरपेक्ष नहीं है। आदेश जारी करते हुए नगर निकाय ने कहा था कि आदेश तीन अप्रैल से दो मई तक लागू रहेगा पर बुधवार को जारी एक आधिकारिक परिपत्र में कहा गया कि सक्षम प्राधिकारी ने इस आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लेने का फैसला किया है।

इस संबंध में उपाध्याय ने कहा था कि एनडीएमसी अध्यक्ष और नगरपालिका के सक्षम प्राधिकारी से बात की और रमजान के महीने में मुसलिम कर्मचारियों को शाम साढ़े चार बजे दफ्तर से जाने की इजाजत देने वाला आदेश फौरन वापस लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वह इस तरह के आदेश के बारे में कभी नहीं जानते थे और जैसे ही इस बारे में उन्हें पता चला। उन्होंने इस तरह के गैर धर्मनिरपेक्ष आदेश का विरोध किया।

यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रवादी शिवसेना प्रमुख जय भगवान गोयल ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद की ओर से रमजान के महीने में रोजाना दो घंटे की छुट्टी देने के निर्णय वापस लेना अच्छा कदम है। यह दुखद है कि ऐसा विरोध के बाद किया गया। उन्होंने कहा कि नवरात्रों में शराब पर 25 फीसद छूट की घोषणा को भी दिल्ली सरकार को वापस ले लेना चाहिए।

# पेड़ों की रक्षा करने की जरूरत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता : दिल्ली हाईकोर्ट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 अप्रैल।

दिल्ली उच्च न्यायलय ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के दो वरिष्ठ अधिकारियों को दक्षिण दिल्ली के चितरंजन पार्क में पेड़ों की कटाई के मामले में जानबूझकर निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया है। साथ ही अदालत ने कहा कि पेड़ों की रक्षा करने की अनिवार्यता को कभी भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकिपिछले चार-पांच वर्षों में शहर में वायु प्रदूषण का सबसे खराब दौर देखा गया है।

अदालत ने दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) और लोक निर्माण विभाग पर 40,000 रुपए और एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। दरअसल निरीक्षण के दौरान यह पाया गया था कि एसडीएमसी की एक कार्रवाई में 13 पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए थे, और 10 पेड़ पीडब्लूडी से क्षतिग्रस्त हुए थे।

दिल्ली हाई कोर्ट की न्यायधीश नजमी वजीरी ने 61 पन्नों वाले अपने आदेश में कहा कि अदालत को यह भी सूचित किया गया है कि एक एजंसी ने सड़क खोदी थी और इससे पहले कि वह एजंसी अपना काम सामान्य तौर पर पूरा कर पाती, दूसरी एजंसी आ गई, और उस सड़क पर फिर से खुदाई करने लगी।

# दिल्ली में कोविड-19 के 126 मामले, एक की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 अप्रैल।

दिल्ली में बुधवार को कोरोना के मामले में आंशिक बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को कोविड-19 के 126 नए मामले सामने आए और एक मरीज की मौत भी दर्ज हुई। लगातार तीसरे दिन संक्रमण की दर एक फीसद से ज्यादा रही। बुधवार को संक्रमण की दर 1.12 रही। यह जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से प्राप्त हुई। इससे पहले मंगलवार को कोविड-19 के 112 नए मामले सामने आए थे हालांकि उस दिन संक्रमण से किसी मरीज की मौत नहीं हुई थी।


**राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक** (नाबार्ड)

डुप्लिकेट बांड प्रमाणपत्र जारी करना

| क्र. | निवेशक/बॉण्ड धारक का नाम | आबंटन की तिथि | फोलियो संख्या | बॉण्ड की संख्या | मूल प्रमाणपत्र संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] | 01-Nov-07 | 310593532 | 1 | 23071106000154 |
| 2 | [illegible] | 01-Nov-08 | 310469157 | 5 | 23081106007296 |
| 3 | [illegible] | 01-Nov-07 | 310592552 | 1 | 23071106000180 |

स्थान : मुंबई
दिनांक : 07/04/2022
www.nabard.org
Taking Rural India >> Forward

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम)

जन सूचना

**भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड**
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

... ई-पोर्टल pnbindia.in पर जाएं। दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 22.04.2022 है।

**बैंक ऑफ इंडिया** Bank of India

(नियम-8(1)) आधिपत्य सूचना, (अचल संपत्ति हेतु)

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to all concerned that Omaxe Heritage Private Limited, a company incorporated under the Companies Act, 1956, having its registered office at 10, Local Shopping Centre, Kalkaji, New Delhi, India, 110019 *(earlier known as Ansh Builders Private Limited)* ("**OHPL**") has entered into a Concession Agreement dated July 10, 2018 with North Delhi Municipal Corporation ("**NDMC**") ("**Concession Agreement**") to design, engineer, finance, construct, operate and maintain the Parking Facilities, Commercial Facilities, Public Convenience Facilities and Walkway over the plot of land admeasuring 18,524 (eighteen thousand five hundred and twenty four) sq. mtrs. situated at Gandhi Maidan, Chandni Chowk, New Delhi. This is to inform the general public that OHPL has lost the original Concession Agreement, and the same is not traceable. OHPL has filed an information report in this regard with police station crime branch, Delhi on April 06, 2022 vide LR No. 288956/2022.

If any person(s) or entity(s) including but not limited to any bank or financial institution is in custody of the original Concession Agreement, or if any person(s) or entity(s) finds the original Concession Agreement, then you are requested to contact the undersigned and handover the same to the undersigned.

Date: April 06, 2022

By:
Advocates
Hardeep Sachdeva and Abhishek Awasthi
AZB & Partners
A-8, Sector 4, Noida-201301
Emails: hardeep.sachdeva@azbpartners.com
abhishek.awasthi@azbpartners.com
Mobile: 9810065311 / 9910611156

प्रपत्र बी
सार्वजनिक उद्घोषणा
[दिवाला तथा दिवालिया (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 12 के अंतर्गत]

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

विशेष आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना

| क्र.सं. | सुविधा | सीमा | 31.03.2022 तक बकाया शेष |
|---|---|---|---|
| 1. | नकद क्रेडिट | 29,00,000.00 | रु. 29,34,297.05/- |

**नोवा आयरन एण्ड स्टील लि.**
ई-मेल: rai_nisl2007@yahoo.com
(CIN: L02710CT1989PLC016092)

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**
495/1, आरपीजी टावर, मंगल पांडेय नगर, मेरठ-250001
सर्कल शस्त्र- मेरठ ईस्ट, E-mail-id: cs8279@pnb.co.in

(सरफेसी अधिनियम प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित शासन 2002 नियम 3 के साथ)

| क्र.सं. | ऋणी/बंधककर्ता/गारन्टर के नाम | प्रतिभूति/सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शाखा: आबूलेन, मेरठ (031800) [illegible] | [illegible] | [illegible] | 30.03.2022 को [illegible] |

दिनांक-06.04.2022 स्थान - मेरठ प्राधिकृत अधिकारी

## न्यूज ब्रीफ

### जनदर्शन में अवैध निर्माण कर लाउडस्पीकर चलाने की शिकायत



दुर्ग। एचएससीएल के एक निवासी ने अपने पड़ोसी पर अवैध निर्माण करने का आरोप आज जनदर्शन में लगाया। उसने बताया कि अवैध निर्माण के साथ ही पड़ोसी द्वारा देर रात तक तेज आवाज में गाना चलाया जाता है तथा नाच-गाना भी होता रहता है। इससे काफी व्यवधान होता है। कैलाश नगर के एक निवासी ने एक निजी स्कूल प्रबंधन पर अपने बच्चे को टीसी नहीं दिये जाने संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वे अपने बच्चे को एक अन्य स्कूल में पढ़ाना चाहते हैं लेकिन मुझे टीसी नहीं दिया जा रहा है। टीसी माँगने जाने पर टालमटोल किया जाता है। ग्राम लहंगा के एक निवासी ने बताया कि घर जाने के पुराने रास्ते को बंद कर दिया गया। जिसकी वजह से काफी परेशानी हो रही है। जनदर्शन में आज अवैध कब्जा हटाने संबंधित प्रकरण भी आये। राजस्व संबंधी कुछ अन्य प्रकरण भी जनदर्शन में आये। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों पर तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने पूर्व में जनदर्शन में आये आवेदनों पर भी आज समीक्षा की और सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये।

### पद्मनाभपुर पुलिस चौकी बना थाना, दूसरे दिन चैन स्नेचिंग का शिकार होने से बाल-बाल बची महिला

दुर्ग। दुर्ग जिले के पद्मनाभपुर पुलिस चौकी को पुलिस थाना बने दो दिन भी पूरे नहीं हुए हैं। इस बीच पद्मनाभपुर क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक महिला चैन स्नेचिंग का शिकार होने से बाल-बाल बच गई है। यह घटना पद्मनाभपुर एम-77 निवासी प्रसिद्ध उद्योगपति मोहन राठी के घर के सामने की बताई गई। वारदात के दौरान आरोपी द्वारा महिला के गले से सोने की चैन छीनने का भरसक प्रयास किया गया, लेकिन वे अपने मैंसूबे में नाकामयाब रहे। इस छीनाझपटी में महिला बेसुद होकर गिर पड़ी। जिसकी स्थिति अब सामान्य है। आरोपियों का फिलहाल कुछ पता नही चल पाया है। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरा से पुलिस को आरोपियों के फूटेज मिले हैं। जिसके आधार पर पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक पद्मनाभपुर एमआईजी-73 निवासी उर्मिला मित्तल मंगलवार की सुबह घर से टहलने निकली थी। वह पद्मनाभपुर में प्रसिद्ध उद्योगपति मोहन राठी के घर के पास पहुंची थी, तभी वहां पहले से खड़े एक आरोपी युवक ने उर्मिला मित्तल के गले में झपट्टा मार कर उसका सोने का चैन छीनने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी असफल रहा। इस झीनाझपट्टी में उर्मिला मित्तल बेसुध होकर गिर पड़ी। जिससे घबराए आरोपी ने लोगों को घटनास्थल की ओर आते देख भाग खड़ा हुआ। बताया गया है कि इस वारदात में दो आरोपी शामिल है। एक आरोपी ने सोने के चैन को छीनने का प्रयास किया, वहीं दूसरा आरोपी घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्कूटी लेकर खड़ा हुआ था।

इसी स्कूटी में सोने का चैन छीनने का प्रयास करन

# हर घर में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने मिशन मोड पर करें काम

समवेत शिखर संवाददाता



दुर्ग। अगले दो महीने पेयजल के मोर्चे पर युद्धस्तर पर काम करें। इस संबंध में नागरिक सुविधाओं में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। शहर के किसी भी वार्ड में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए, पेयजल हर घर की पहुंच में हो, इसके लिए अगले दो महीने मिशन मोड पर काम करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने समयसीमा की बैठक में दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था है। जिन इलाकों में पेयजल की समस्या है उसे समन्वय से दूर करें और इस तरह से कि लोगों को पेयजल अपने घर में ही मिल पाए। उन्होंने कहा कि पेयजल हमारे जिले में पर्याप्त मात्रा में है लेकिन इसका असंतुलित प्रयोग पेयजल संकट का कारण भी बन सकता है। इसके लिए सप्लाई पर नजर रखें, कहीं पाइपलाइन में लीकेज तो नहीं है। सभी टैंकर दुरूस्त है। इसके साथ ही पेयजल के उचित उपयोग के लिए भी जनजागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना, डीएफओ शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, भिलाई निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में हमेशा से गर्मी के समय राहगीरों के लिए प्याऊ आरंभ करने का चलन रहा है। इसके लिए स्वयंसेवी संस्थाएं बढ़िया काम करती हैं। जहां पर स्वयंसेवी संस्थाओं की उपस्थिति नहीं है वहां पर प्रशासनिक अमला प्याऊ आरंभ कर सकता है। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी का संकट केवल नागरिकों को परेशान नहीं करता। गर्मी के मौसम में पक्षी भी पेयजल के लिए परेशान रहते हैं। इसके लिए निगम जनजागरूकता अभियान छेड़ें।

हर घर के आंगन में और चहारदीवारी में पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे हों। हाइवे के किनारे के गांवों में भी प्याऊ का प्रबंध हो। कलेक्टर ने कहा कि हमने बरसात के समय पौधरोपण किया था और इसे संभालकर रखने के लिए महती प्रयास किया है। अभी अगले दो महीने बेहद अहम हैं। इन महीनों में इन पौधों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि अभी स्कूल 15 मई तक चलने है। इससे लू से बचाव की समुचित व्यवस्था स्कूलों में होनी चाहिए। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए नमक-शक्कर के घोल की व्यवस्था स्कूलों में हो। एसेंबली छायादार जगहों में हो अथवा स्कूल के कक्ष में ही प्रेयर कराए जाएं। लू से कैसे बचें, इस संबंध में जरूरी गाइडलाइन से बच्चों को परिचित कराएं। भोजन आदि की व्यवस्था समय पर हो।

कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि स्कूलों, आंगनबाड़ी, छात्रावास और विभागीय दफ्तरों में उपयोग आने वाली सामग्री की खरीदी सीमार्ट अथवा गौठानों से हो। हमारे गौठान ग्रामीण आजीविका केंद्र के रूप में स्थापित हो रहे हैं। यहां मसाले से लेकर तेल पेराई तक सभी कार्य हो रहे हैं। सब्जी भी बाड़ियों में उत्पादित हो रही है। साबुन, सैनेटाइजर जैसे आइटम भी बनाये जा रहे हैं। सुनिश्चित करें कि अपनी सारी खरीदी एसएचजी की महिलाओं से हो। उनके आय बढ़ने की दृष्टि से और कम लागत में गुणवत्तापूर्ण सामान प्राप्त करने की दृष्टि से भी यह उपयोगी होगा।

# स्वालंबन योजना के तहत राशि जमा कर दुकान वापस पाने मिल रहा है अंतिम अवसर

समवेत शिखर संवाददाता



भिलाईनगर। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत दीनदयाल पुरम खुर्सीपार में आबंटित 28 दुकानों का किराया एवं समेकित कर की राशि जमा नहीं करने के कारण परियोजना अधिकारी जिला चयन समिति के द्वारा 1 फरवरी 2021 को दुकानों की आबंटन निरस्त कर दी गई है। निरस्त किए गए दुकानों के आबंटन के हितग्राहियों को एक मौका और देते हुए परियोजना अधिकारी जिला चयन समिति द्वारा आबंटिती को एक बार फिर से मौका शेष बकाया राशि जमा करने का दिया जा रहा है।जिसके आधार पर आबंटित दुकान का किराया एवं समेकित कर की राशि जमा करने हेतु 28 हितग्राहियों को एकअंतिमअवसर प्रदान करते हुए सूचना पत्र जारी कर समस्त 28 हितग्राहियों को व्यक्तिगत नोटिस तामिल किया गया था। जिसमेंसे 7 हितग्राहियों के द्वारा राशि जमा कर दी गई है। तथा 21 हितग्राहियों के द्वारा आज तक राशि जमा नहीं की गई है। इन हितग्राहियों को दोबारा राशि जमा करने के लिए मौका दिया जा रहा है। इन 21 हितग्राहियों को पत्र प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर नगर निगम के मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक 16 आवास गुमटी शाखा में स्वयं उपस्थित होकर शेष राशि जमा करने हेतु निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निर्देशित किया है। शेष राशि जमा नहीं करने पर दुकान निरस्तीकरण की कार्यवाही को यथावत रखते हुए नियमानुसार पात्र हितग्राही जिनके द्वारा आबंटन हेतु आवेदन पत्र दिया गया है को आबंटन की अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा।

# जिला बनाने की घोषणा से भाजपा नेता तिलमिलाए : वोरा

समवेत शिखर संवाददाता



दुर्ग । वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने खैरागढ़ उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की शानदार जीत का दावा किया है। वोरा ने खैरागढ़ में चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि भाजपा ने 15 साल के शासनकाल में सिर्फ वादे किये हैं। जनता से किये गए वादों को भाजपा ने कभी नहीं निभाया। कांग्रेस सरकार के तीन साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की जनता ने देख लिया है कि संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आम जनता से किये वादों को निभाने में पूरे देश में अव्वल हैं। कांग्रेस की जीत के बाद खैरागढ़ न सिर्फ जिला बन जाएगा, बल्कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह इलाका विकास की रौशनी से जगमगाएगा।

वोरा ने कहा कि खैरागढ़ को जिला बनाने की घोषणा से भाजपा नेता तिलमिला गए है। 15 साल के शासनकाल में भाजपा ने खैरागढ़ की सुध नहीं ली। आज जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खैरागढ़ को जिला बनाने की घोषणा कर दी है, तो भाजपा नेताओं के पेट में दर्द होने लगा है। वोरा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के वादों, नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों पर भरोसा करते हुए खैरागढ़ की जनता ने हाथ के पंजे पर बटन दबाने का मन बना लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा की ऐतिहासिक जीत होगी। इस दौरान उनके साथ रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय, बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा भी मौजूद थे। वोरा ने कहा कि कांग्रेस घोषणापत्र में कांग्रेस की जीत के 24 घंटे के भीतर खैरागढ़ को जिला बनाने, राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने, साल्हेवारा को पूर्ण तहसील का दर्जा और वनोपज प्रोसेसिंग इकाई, सहकारी बैंक खोलने, बैताल रानी घाटी, मंडी पखोल, घांसकुआं झरना को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, छुईखदान में पान अनुसंधान केंद्र की स्थापना, छुईखदान और गंडई में फूड प्रोसेसिंग इकाई, अतरिया जालबांधा में कॉलेज, साल्हेवारा व खैरागढ़ में स्वामी आत्मानंद स्कूल, अतरिया में हाईटेक बस स्टैंड सहित कई सौगातें देने का वादा किया गया है। वोरा ने कहा कि खैरागढ़ क्षेत्र की जनता विकास चाहती है। यही वजह है कि उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा के पक्ष में माहौल बन चुका है। यहां कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होगी। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, एमआईसी सदस्य दीपक साहू, भोला महोबिया, मनदीप भाटिया, शंकर ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष अजय मिश्रा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, नीलेश चंद्राकर, ... भी मौजूद थे।

# उमरे ने ठगड़ा बांध की आड़ में भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी की आशंका व्यक्त कर सीएम से जांच की मांग की

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ज्ञापन प्रेषित कर दुर्ग स्थित ठगड़ा बांध की आड़ में भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी की आशंका व्यक्त कर इस विषय की जांच की मांग किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने उन्हें बताया कि नगर निगम द्वारा दुर्ग स्थित 70 साल पुराने ठगड़ा बांध का सौंदर्यीकरण कर पिकनिक स्पाट के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 8.13 करोड़ रुपए राज्य शासन द्वारा स्वीकृत किया गया हैतथा खुद उनके(मुख्यमंत्री) द्वारा 2 अक्टूबर 2020 को इसके लिए भूमिपूजन किया गया था टेंडर के मुताबिक सौंदर्यीकरण के तहत प्रस्तावित सभी काम जुलाई 2021 तक पूर्ण कर लिया जाना था,लेकिन अब तक महज 60 फीसदी काम भी नहीं हो पाया है। इतने काम के एवज में ठेकेदार को 89 फीसदी राशि यानि 7.22 करोड़ भुगतान कर दिया गया हैहास्यास्पद बात यह है कि इस मुद्दे को दुर्ग शहर विधायक द्वारा विधानसभा के बजट सत्र में उठाकर दुर्ग नगर निगम से जवाब मांगा गया।

## न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

क्र./ /अ-1/वर्ष./2022

नवापारा, दिनांक 25/03/2022

[illegible]

आज दिनांक 25.03.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार

गोबरा नवापारा

(मुहर) जिला रायपुर (छ.ग.)

## नोवा आयरन एंड स्टील लिमिटेड

रजिस्टर्ड ऑफिस: ग्राम- दगौरी, तहसील-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495224

Email : rai_nisl2007@yahoo.com, website: www.novaironsteel.com

(CIN: L02710CT1989PLC010052) Tel: +91-07752-285206, Fax: +91-07752-285213

### असाधारण आम बैठक की सूचना, ई-वोटिंग सूचना और बुक क्लोजर

[illegible] www.evotingindia.com [illegible] helpdesk.evoting@cdslindia.com [illegible] - 400013 [illegible] helpdesk.evoting@cdslindia.com [illegible] 022-23058542/43 [illegible]

[illegible] 29/04/2022 [illegible] 05/05/2022 [illegible]

स्थान: नई दिल्ली

दिनांक: 28.03.2022

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से

नोवा आयरन एंड स्टील लिमिटेड के लिए

एसडी/-(धीरज कुमार)

कंपनी सचिव

# बंदरों के उत्पात से हनोदा स्कूल के विद्यार्थी परेशान

समवेत शिखर संवाददाता



दुर्ग। हनोदा मिडिल स्कूल में बंदरों के उत्पात बढ़ गए है। स्कूल परिसर ने कई घने बड़े पेड़ है, जो बंदरो का आश्रय है। मध्यान्ह भोजन के वक्त बंदर बच्चों के थालियों पर झपट्टा मार देते है। बच्चे भी मस्ती करते है, बंदरो को चिढ़ाते है। गुस्साए बंदर बच्चों को दौड़ाते है। जब तक कुछ घटना नही हो रहा, सब सामान्य बात है किंतु किसी दिन कोई बच्चा बंदर की चपेट में आ गया और काट खाया तो अनहोनी हो जाएगी, तब सारा दोष भी स्कूल प्रशासन को दिया जाएगा। सूत्र बताते है कि जिले के करीब आधे गांवों में बंदरों की समस्या से लोग परेशान है। तेजी से खत्म होते जंगल के चलते बंदर आबादी सीमा में प्रवेश कर गए है। लोग इतने परेशान हो गए है कि घरों में सब्जी भाजी बोना बंद कर दिए है। फलदार वृक्षों को बंदर तहस नहस कर देते हैं। परेशान लोगो ने बंदरो से बचने के लिए बस्तर के आदिवासी शिकारियों को भी लगाया था, किंतु ये बंदर आम लोगो के इतने आदि हो गए है, लोगो से डरना छोड़ उल्टे डराने लगे है। जरूरत पड़ने पर आदमियों पर हमला भी बोल देते है। बंदरो का काटना खतरनाक होता है, लिहाजा लोगो का इनसे डरना लाजिमी भी है। प्रशासन के पास इन बंदरो से निपटने का कोई उपाय नही है। जब गाय-बैल व कुत्ते जैसे जानवरो की समस्या से प्रशासन निपट नही सकता तो बंदर तो दूर की चीज है।

# नियमितिकरण के लिए मनरेगा के कर्मी बैठे अनिश्चितकालीन हडताल पर

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। मनरेगा के अधिकारी एवं कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल मंगलवार से प्रारंभ हो गया। जिसमें जिला एवं सभी अधिकारी कर्मचारी द्वारा काम बंद, कलम बंद कर मानस भवन के गेट के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे है। शासन के पूर्व घोषणा के अनुसार अनियमित संविदा कर्मचारियों को नियमित करण किये जाने का चुनावी वादा सरकार द्वारा किया गया था।

आंदोलन कर्मियों का कहना है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना शासन की महत्वकांक्षी योजना है इससे ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब परिवारो को काम मांगने पर रोजगार उपलब्ध किया जाता है एवं मजदूरो का जीवन स्तर में सुधार के लिए भी अति महत्वपूर्ण योजना साबित हुआ है। लेकिन इस योजना में काम करते हुए जमीनी स्तर पर अधिकारी-कर्मचारी ग्राम पचायत रोजगार सहायक एवं जिला एवं जनपद स्तर के कर्मचारियों संविदा कर्मचारियों का मानदेय अतिअल्प वेतन में काम कर रहे है। इनके साथ शासन की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरवा, घुरूवा बाड़ी कार्य भी संपादित किया जा रहा है। जिनमें इन कर्मियों की प्रमुख भूमिका रही है। शासन की नरवा, घुरवा,गरवा बाड़ी योजना में इनके क्रियान्वयन और समूहो को जाड़ने में प्रमुख भूमिका रहती है। ऐसे जमीनीस्तर कार्यरत कर्मचारियो के जीवन स्तर में सुधार हेतु शासन की कोई पहल प्रदर्शित नहीं हो रही है, निराशा वश कर्मचारियों को अनिश्चित कालीन हरताल पर जाने पर विवश कर रही है। अनिश्चित कालीन हड़ताल होने से ग्रामीण क्षेत्रो में कार्य की मांग होने पर भी कार्य उपलब्ध कराना असंभव है।

# सेल के अस्पताल में कर्मियों से जबरन वसूली

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर।सेक्टर-9 चिकित्सालय की व्यवस्था को संभालने के लिए ईडी तक अधिकारी बैठे हैं, लेकिन वसूली की शिकायत को दूर नहीं करा सके।

श्रमिकों से जबरन वेतन से उगाही का मामला अब डायरेक्टर इंचार्ज तक पहुंच गया है। अस्पताल प्रबंधन की ढिलाई की वजह से यह मामला डायरेक्टर अनिर्बान दासगुप्ता और वरिष्ठ अधिकारियों के पास यूनियन के माध्यम से पहुंचाया गया है। आरोप लगाया गया है कि ठेकेदार भिलाई प्रशिक्षु कल्याण समिति दबाव पूर्वक वेतन से पैसे की उगाहि करती है, जिसके खिलाफ पिछले दिनों श्रमिकों ने प्रदर्शन किया था। इसके अलावा श्रमिकों से दुर्व्यवहार, अंतिम भुगतान व वेतन में धांधली की लिखित शिकायत यूनियन व श्रमिकों के द्वारा उच्च प्रबन्धन से की गई।हिंदुस्तान इस्पात ठेका श्रमिक यूनियन सीटू के अध्यक्ष शांतनु मरकाम ने बताया कि भिलाई प्रशिक्षु कल्याण समिति, जिसका ठेका जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर-9 में संचालित है। वहां के श्रमिकों से भिलाई प्रशिक्षु कल्याण समिति के ठेकेदार द्वारा वेतन भुगतान के पश्चात 2000 से 2500 रुपये दबाव पूर्वक वापस लिया जाता रहा है। अटेंडेंट, सिविल सहित अन्य विभिन्न कार्यों में लगभग 300 ठेका श्रमिक शामिल हैं। समिति द्वारा ठेका श्रमिकों से वेतन भुगतान के पश्चात 2000 से 2500 रुपये दबाव पूर्वक वापस मांगा जाता है। श्रमिकों द्वारा वेतन भुगतान के पश्चात पैसा वापस नहीं करने पर तरह-तरह से महिला-पुरुष ठेका श्रमिकों को प्रताड़ित किया जाता है। बेवजह नोटिस देना, काम से बैठना, धमकाना, लगातार जारी है।दीपिका ध्रुव ने शिकायत कर बताया कि वह भिलाई प्रशिक्षु कल्याण समिति ठेके के तहत अटेंडेंट के कार्य में संलग्न थी। बी फार्मेसी के तृतीय सेमेस्टर में परीक्षा देने के लिए छुट्टी का आवेदन दिया था। बावजूद छुट्टी ना देकर परीक्षा से वंचित रखने की कोशिश की गई।

### गौठान पहुंच कार्यक्रम 7 और 8 अप्रैल को

दुर्ग। गौठान के संचालन की स्थिति की समीक्षा करने जिला प्रशासन ने 7 अप्रैल और 8 अप्रैल को गौठान पहुंच कार्यक्रम रखा है। इसमें 319 नोडल अधिकारी एक गौठान की समीक्षा करेंगे और इसके बारे में अपनी रिपोर्ट निर्धारित फार्मेट में जमा करेंगे। इस पर 12 अप्रैल से 14 अप्रैल के बीच चर्चा होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि गौठानों के क्रियाकलाप की जमीनी जानकारी पर बेहतर फीडबैक लेने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने इसकी मानिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया है। इन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि गौठान की वस्तुस्थिति की जानकारी प्रदान करें। इसमें गौठान में हो रहे नवाचारों की भी जानकारी दें, यदि किसी तरह की कमी हो तो इसे भी प्रकाश में लायें ताकि इसे ठीक करने की दिशा में काम किया जा सके। उन्होंने बताया कि इसमें पहली जानकारी गौठानों की मूलभूत जानकारी से संबंधित होगी। जिसमें अधोसंरचना संबंधी जानकारी अधिकारी देंगे। दूसरी जानकारी गौठान में चल रही आजीविकामूलक गतिविधियों से संबंधित होंगी।

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक आरंग तह. आरंग, जिला-रायपुर

### // ईश्तहार //

जारी दिनांक 04/04/22

[illegible] 1184 [illegible] 2.27 [illegible] 08/04/22 [illegible] 1183/1, 1183/2, 1185, 1186 [illegible]

(मुहर) राजस्व निरीक्षक आरंग

## न्यायालय तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

ग्राम आमदी प.ह.नं. 06

तहसील अभनपुर

प्र.क्र. 202204110500013/

अ/121 वर्ष 2021-22

[illegible] प.ह.नं. 06 [illegible] 294/1, 297, 298, 308, 899/1, 902/2, 902/3 [illegible] 0.420, 0.160, 0.180, 0.120, 0.130, 0.110, 0.110 [illegible] 1.230 [illegible]

आज दिनांक 04/04/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार अभनपुर, जिला-रायपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

### E-procurement Tender Notice

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

J.P./N.P.N./04/9 Bhilai/Dated:4/4/2022

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "B" for Contract from the contractors e-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. no. | Tender no. | Name of work | probable amount of contract (in lacs) | Earnest money (in lacs) | competion period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाउनलोड की अंतिम दिनांक | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 94467 | 77 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र में क्लोरीन सिलेण्डर प्रदाय (रिफलिंग) कार्य | 24.00 lacs | 18000.00 | 12 month | 04/04/2022 | 27/04/2022 | first call | Form B |

Note: 1. For other details visit GoC e-procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in

2. Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document.

3. For more details please download NIT details.

[illegible]

Executive Engineer

Municipal Coporation

Bhilai Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग

## मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर

क्रमांक एफ 2-02/2022/1-11/ना. नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 31/03/2022

### द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ मंत्रालय, महानदी भवन, सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण) के नाजिर से संबंधित सामग्री अनुमानित निविदा मूल्य 7,91,548.00 (अक्षरी रुपये सात लाख इक्यानबे हजार पांच सौ अड़तालीस मात्र) क्रय करने हेतु निर्धारित शर्तों के अंतर्गत 01 वर्ष की अवधि के लिए मोहरबंद, चपड़ी-लाख अथवा सेलो टेप से बंद की गई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। द्वितीय निविदा प्रपत्र, विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से सादे कागज पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर राशि रुपये 100.00 (सौ रुपये) मात्र छत्तीसगढ़ मंत्रालय, लेखा शाखा में नगद भुगतान करके कार्यालयीन दिवस में, छत्तीसगढ़ मंत्रालय, महानदी भवन के प्रथम तल स्थित कक्ष क्र. एए 1-17 से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 25/04/2022 तक | प्रातः 10.00 से सायं 4.00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 26/04/2022 तक रजिस्टर्ड पोस्ट (ए.डी.) अथवा स्पीड पोस्ट से अथवा कार्यालय में रखे निर्धारित टेंडर बॉक्स में डाल कर | अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | दिनांक 26/04/2022 | अपरान्ह 4.00 बजे, मंत्रालय के समिति कक्ष क्र. एस. 0-12 |

जी- 90003/3

अवर सचिव

छत्तीसगढ़ शासन

सामान्य प्रशासन विभाग